Vol. I, Issue II July' 2019

# कामरूप दर्पण

## मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा का मुखपत्र

(Society Regd No. : RS/KAM (M) 263/Q/264 of 2017-18)

e-mail : sammelankamrupsakha@gmail.com URL : www.sammelankamrupsakha.com

## संपादकीय



देश में लोकसभा के चुनाव संपन्न हुए और बीजेपी की सरकार प्रचंड बहुमत से जीत कर आई और हमें लोकसभा अध्यक्ष के रूप में मिले श्री ओम जी बिड़ला। इसके लिए मारवाड़ी सम्मलेन, कामरूप शाखा बीजेपी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करती है। हमें पूरा विश्वास है कि इस बार लोकसभा का इतिहास कुछ मायनों में खास होगा। ओमजी बिड़ला को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं। इस अंक में उनके व्यक्तित्व के कुछ खास पहलू एक आर्टिकल के माध्यम से आप तक पहुचाये गए हैं।

इधर जीएसटी को दो साल हो गए, लेकिन अभी तक पहले साल यानि 2017–18 के नौ महीने की वार्षिक विवरणी की आखिरी तारीख तक नहीं पहुँच पाए हैं। बिना पूरी तैयारी के लाया हुआ यह कानून अब भी व्यापारियों और कर सलाहकारों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अब तक लगभग 800 नोटिफिकेशंस, सर्कुलर्स, ऑर्डर्स केंद्र सरकार द्वारा जारी किये जा चुकें हैं। पहले के मुकाबले आसान हुआ है, परंतु और बहुत किया जाना बाकी है।

राष्ट्र को प्रथम बार एक पूर्णकालिक महिला वित्तमंत्री के रूप में श्रीमती निर्मला सीतारमण मिली है। इससे पहले 1970–71 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गाँधी के वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त भार संभाला था। श्रीमती निर्मला सीतारमण से सभी को बहुत सारी अपेक्षाएं हैं, जिनको पूरा करना उनके लिए चुनौती के कम नहीं है। भारत के कर संग्रह में मारवाड़ियों की अहम भूमिका रही है। करों की दर तर्कसंगत हो और कर संग्रह की प्रणाली आसान हो। आज व्यापारी का अत्यधिक समय कानूनों के अनुपालन में व्यर्थ हो जाता है। अगर व्यापारी काम में अधिक समय दे सकेगा तो देश के लिए करों के रूप में संसाधन अधिक जुटा सकेगा।

मारवाड़ी सम्मलेन, कामरूप शाखा में विगत तीन महीने में 125 नए सदस्य बनाए गए और सदस्यों की कुल संख्या अब 276 हो चुकी है, जो नेतृत्व की सक्रियता का प्रमाण है। वेबसाइट के जरिये विवाह योग्य युवक–युवतियों के लिए योग्य जीवन साथी की तलाश का काम प्रगति पर है। समाज बंधुओं से अपील है कि वेबसाइट पर अधिक से अधिक पंजीकरण करें, अपने विवाह योग्य बच्चों के बायोडाटा अपलोड करें और वेबसाइट का उपयोग करें।

**विनोद कुमार लोहिया**
**संपादक**

## अध्यक्ष की कलम से...



कामरूप शाखा के तृतीय सत्र के प्रारंभ में आप सभी के आदेश से मैंने अध्यक्ष पद का आसन स्वीकार किया। शाखा के पूर्व अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों तथा साधारण सदस्यों का मैं अभारी हूं कि आप सभी ने मुझे इस महान दायित्व के लायक समझा।

शपथ विधि समारोह के सफल आयोजन के बाद नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपना दायित्व भार ग्रहण कर लिया है। चुनाव के समय मैंने जो वादा किया था उसे पूरा करना अब मेरा नैतिक कर्तव्य और लक्ष्य है। परंतु किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत होती है, क्योंकि 'संघे शक्ति कलौयुगे' अर्थात् हम सब एक होकर कार्य एकजुटता से करें तो कार्य की गुणवत्ता भी बढ़ेगी एवं शीघ्रता से भी होगा, ऐसा मेरा विश्वास है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी सदस्यों के सहयोग से प्रत्येक कार्ययोजना में निरंतरता बनी रहेगी।

नवीन कार्यकारिणी की तरफ से यह प्रथम त्रैमासिक बुलेटिन है। मुझे विश्वास है कि इस त्रैमासिक स्मारिका के माध्यम से शाखा परिचायिका के अलावा सामाजिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक चर्चा इसमें प्रकाशित होते रहेंगे, जिससे समाज लाभान्वित होता रहेगा। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के उदेश्यों की पूर्ति के लिए यह कार्यकारिणी सदैव समर्पण भाव से सेवा में जुटी रहेगी।

जयतु मारवाड़ी सम्मेलन, जयतु समाज

**निरंजन कुमार सीकरिया**
**अध्यक्ष**

> "गलत तरीके अपनाकर सफल होने से यही बेहतर है सही तरीके से काम करके असफल होना।"




## तृतीय शपथ विधि समारोह

# नए अध्यक्ष व कार्यकारिणी ने ली शपथ

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा का तृतीय शपथ विधि समारोह गत 21 अप्रैल 2019 को स्थानीय होटल रितुराज में आयोजित किया गया, जिसमें कामरूप शाखा के तृतीय शाखाध्यक्ष श्री निरंजन कुमार सीकरिया एवं उनकी कार्यकारिणी समिति को शपथ दिलाई गई। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया उपस्थित थे। इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री श्री राजकुमार तिवाड़ी भी मौजूद थे।



मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया ने प्रांतीय महामंत्री श्री राजकुमार तिवाड़ी, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओंकारमल अग्रवाल, शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया व सचिव श्री निरंजन कुमार सीकरिया के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने स्वागत भाषण देते हुए पिछले दो वर्षों के शाखा की प्रगति व कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। प्रांतीय महामंत्री श्री राजकुमार तिवाड़ी ने सभा को संबोधित करते हुए कामरूप शाखा और इसके कर्मठ सदस्यों की प्रशंसा की। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। श्री पवन कुमार जाजोदिया ने पिछले कार्यकाल के दौरान सफलतापूर्वक आयोजित किए गए कार्यक्रमों में सहयोग देने के लिए सदस्यों को अध्यक्षीय पुरस्कार से सम्मामित किया।









समारोह के द्वितीय चरण में शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने नव-निर्वाचित शाखाध्यक्ष की घोणणा की एवं चुनाव अधिकारी श्री संपत मिश्र ने श्री निरंजन कुमार सीकरिया को नव-निर्वाचित अध्यक्ष का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। श्री विनोद कुमार लोहिया ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री सीकरिया का परिचय पाठ किया। इसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया ने नव-निर्वाचित को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। निवर्तमान शाखाध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री निरंजन सीकरिया को राजस्थानी साफा एवं बेज पहनाया और उन्हें अध्यक्ष के आसन पर आसीन कराया।









इसके बाद श्री सीकरिया ने अपनी 21 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। उन्होंने कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में श्री विनोद कुमार लोहिया, उपाध्यक्ष के रूप में श्री विजय कुमार भीमसरिया एवं श्री विजय कुमार अग्रवाल, मंत्री के रूप में श्री दिनेश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष के रूप में श्री दीपक जैन के नामों की घोषणा की।

पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओंकारमल अग्रवाल ने पदाधिकारियों को, प्रांतीय महामंत्री श्री राजकुमार तिवाड़ी ने कार्यकारिणी सदस्यों को तथा पूर्व शाखाध्यक्ष श्री संपत मिश्र ने समिति संयोजकों को शपथ पाठ कराया। प्रांतीय सलाहकार श्री पवन कुमार सीकरिया ने शाखा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों को शपथ दिलाई। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने नव-निर्वाचित शाखाध्यक्ष को गुप्त दान स्वरूप प्राप्त एक होम्योपैथी चिकित्सा वैन एवं इसकी प्रतिकात्मक चाबी समाजसेवा हेतु प्रदान की। तदुपरांत पूर्व प्रांतीय महामंत्री श्री प्रमोद तिवाड़ी ने शाखा के त्रै-मासिक मुखपत्र 'कामरूप दर्पण' के प्रथम संस्करण का विमोचन किया।

समारोह के मुख्य अतिथि मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकिरिया ने अपने संबोधन में कामरूप शाखा को सम्मेलन में एक इतिहास रचयिता बताया। उन्होंने कहा कि अन्य शाखाओं को समाज में सक्रिय योगदान के लिए इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रांतीय अध्यक्ष ने कामरूप शाखा को सम्मेलन की श्रेष्ठ शाखा बताया। इस भव्य शपथ विधि समारोह के संयोजक श्री पवन पसारी एवं श्री अनुज चौधरी थे, जिन्होंने बड़ी ही कुशलता से इस कार्यक्रम का आयोजन किया।







# वैवाहिक विज्ञापन

विवरण हेतु संपर्क सूत्र : 60001-02017
सोमवार से शनिवार
( सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक )

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की आधिकारिक वेबसाइट
www.sammelankamrupsakha.com
पर Register/Login कर बायोडाटा अपलोड अथवा सर्च कर सकते हैं।

Height 5'8" Gotra BANSAL, Age 31 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1016

Height 5'8" Gotra GOYAL, Age 32 Years, CA Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1017

Height 5'9" Gotra GOYAL, Age 32 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1018

Height 5'6" Gotra GOYAL, Age 35 Years, Under Graduate Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1019

Height 5'7" Gotra OSWAL, Age 31 Years, MBA Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1020

Height 5'6" Gotra BANSAL, Age 37 Years, M.Com. Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1021

Height 5'9" Gotra GARG, Age 29 Years, M.Com. Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1022

Height 5'8" Gotra GARG, Age 38 Years, BE Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1023

Height 5'6" Gotra GARG, Age 33 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE: Ref No: 1024

Height 5'9" Gotra BANSAL, Age 28 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1025

Height 5'6" Gotra MITTAL, Age 28 Years, M.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1026

Height 5'8" Gotra MANGAL, Age 37 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1027

Height 5'10" Gotra TERAPANTH, Age 32 Years, CA Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1028

Height 5'8" Gotra GOYAL, Age 28 Years, B.COM Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1029

Height 5'8" Gotra VAID , Age 29 Years, MBA Looking for a suitable BRIDE:
Ref No: 1030

Height 5'2" Gotra KASHYAP, Age 27 Years, M.Arch. Looking for a suitable GROOM: Ref No: 1108

Height 5'3" Gotra SINGHAL, Age 31 Years, B.A Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1109

Height 5'3" Gotra MANGAL, Age 25 Years, BA Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1110

Height 5'0" Gotra MANGAL, Age 32 Years, B.Sc Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1111

Height 5'4" Gotra GARG, Age 30 Years, M.COM Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1112

Height 5'4" Gotra GARG, Age 832 Years, B.COM Looking for a suitable GROOM:
Ref No: 1113

# लोगों को जागरूक करने में जुटी परिणय बंधन समिति



*प्रदीप जाजोदिया*
*संयोजक, परिणय बंधन समिति*

परिणय बंधन समिति ने समाज की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर जो मुहीम शुरू की थी वो तमाम बाधाओं का सामना कर निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर है। व्हाट्सएप्प पर बायोडाटा डालने के साथ-साथ वेबसाइट पर भी बायोडाटा अपलोड करने का कार्य आरंभ हो गया है। वेबसाइट एवं व्हाट्सएप्प ग्रुप दोनों पर बायोडाटा डालने का काम निरंतर जारी है। इस संबंध में समय-समय पर योग्य सुझाव मिलने पर वेबसाइट को अपग्रेड किया जाएगा।




सम्मेलन की कामरूप शाखा की वेबसाइट पर परिणय बंधन के प्रति समाज के लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से परिणय बंधन समिति ने गत 19 मई 2019 को राज्य के नलबाड़ी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह समिति की पहली कार्यशाला थी। कार्यशाला में मारवाड़ी सम्मलेन, नलबाड़ी के पदाधिकारियों के साथ-साथ दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं मातृशक्ति ने शिरकत की। कार्यशाला में वेबसाइट पर आईडी बनाने और बायोडाटा अपलोड करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी उपस्थित लोगों को लैपटॉप के जरिए दी गई। सुनील शर्मा की अध्यक्ष्यता में आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 30 लोगों ने भाग लिया।

समिति परिणय बंधन के आने वाले कार्यक्रम, जो कि बरपेटा रोड एवं तेजपुर में होना है, में प्रोजक्टर के द्वारा लोगों को वेबसाइट की जानकारी दी जाएगी।

समिति इस तरह के कार्य से जुड़े समाज के विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रही है और अपने वेबसाइट के बारे में जानकारी दे रही है। समिति के पास विवाह योग्य युवक-युवतियों के लगभग 100 बायोडाटा प्राप्त हुए हैं, जिन्हें वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। समिति के प्रयास से पिछले 3 महीने में 6 रिश्ते तय हुए हैं। समिति ने मार्च 2020 तक कम से कम 1000 बायोडाटा वेबसाइट पर अपलोड करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

समिति ने वेबसाइट पर बायोडाटा डालने के लिए समाज के लोगों को उत्साहित करने में सभी समाज बंधुओं के सहयोग की गुजारिश की है।

# कार्यकारिणी समिति (2019-21)



निरंजन कुमार सीकरिया
(अध्यक्ष)



पवन कुमार जाजोदिया
(निवर्तमान अध्यक्ष)



विनोद कुमार लोहिया
(कार्यकारी अध्यक्ष)



विजय कुमार भीमसरिया
(उपाध्यक्ष-I)



विजय कुमार अग्रवाल
(उपाध्यक्ष-II)



दिनेश गुप्ता
(सचिव)



दिलीप अग्रवाल
(संयुक्त सचिव)



अनुज चौधरी
(संयुक्त सचिव)



दीपक जैन
(कोषाध्यक्ष)



अजीत शर्मा
(सदस्य)



धनराज कंकाणी
(सदस्य)



मुकेश जिंदल
(सदस्य)



प्रभात शर्मा
(सदस्य)



राजेश अग्रवाल
(सदस्य)



राजेश जाजोदिया
(सदस्य)



संजय काबरा
(सदस्य)



संजय खेतान
(सदस्य)



सुजीत बरवरेड़िया
(सदस्य)



उमा शंकर गट्टानी
(सदस्य)



उमेश बाजोरिया
(सदस्य)



विनोद शर्मा
(सदस्य)

## समिति संयोजक



पवन कुमार जाजोदिया
(स्कूल नविनीकरण)



विनोद कुमार लोहिया
(ई-बुलेटिन एवं संविधान संशोधन)



संजय खेतान
(योग शिविर)



संपत मिश्र
(मीडिया)



रतन कुमार अग्रवाल
(बंधुत्व विकास)



रतन कुमार खारवोलिया
(सहसंयोजक, बंधुत्व विकास)



पवन पसारी
(सांस्कृतिक)



प्रभुदयाल जैन
(जूठन विरोधी अभियान)



राजीव अग्रवाल
(सदस्यता विकास)



धनराज कंकाणी
(सहसंयोजक, सदस्यता विकास)



प्रदीप कुमार जाजोदिया
(परिणय बंधन)



विकास गाड़ोदिया
(हौम्योपैथिक एंव चिकित्सा शिविर)



विवेक मुरारका
(ऑडिटर)



राजेश पोद्दार
(आईटी सेल)



विष्णु सुल्तानिया
(फूड एंड कैटरिंग)

## प्रांतीय सभा मनोनित सदस्य



अशोक अग्रवाल



विनोद कुमार लोहिया



जीवनचंद ककराणिया



सज्जन कुमार जाजोदिया



विकास बजाज



आचार्य विवेक कुमार मिश्र




## सावन माह

(बुधवार, 17 जुलाई से प्रारंभ)

भारत के सभी शिवालयों में श्रावण सोमवार पर हर-हर महादेव और बोल बम बोल की गूंज सुनाई देती है। श्रावण मास में शिव-पार्वती का पूजन बहुत फलदायी होता है। इसलिए सावन मास का बहुत महत्व है।

**क्यों है सावन की विशेषता :** हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यता के अनुसार सावन महीने को देवों के देव महादेव भगवान शंकर का महीना माना जाता है। इस संबंध में पौराणिक कथा है कि जब सनत कुमारों ने महादेव से उन्हें सावन महीना प्रिय होने का कारण पूछा तो महादेव भगवान शिव ने बताया कि जब देवी सती ने अपने पिता दक्ष के घर में योगशक्ति से शरीर का त्याग किया था, उससे पहले देवी सती ने महादेव को हर जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण किया था। अपने दूसरे जन्म में देवी सती ने पार्वती के नाम से हिमाचल और रानी मैना के घर में पुत्री के रूप में जन्म लिया। पार्वती ने युवावस्था के सावन महीने में निराहार रह कर कठोर व्रत किया और उन्हें प्रसन्न कर विवाह किया, जिसके बाद ही महादेव के लिए यह विशेष हो गया।

**सावन में शिवशंकर की पूजा :** सावन के महीने में भगवान शंकर की विशेष रूप से पूजा की जाती है। इस दौरान भगवान शंकर के अभिषेक के साथ उनकी पूजा की जाती है। अभिषेक में महादेव को जल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगाजल, गन्ना रस आदि से स्नान कराया जाता है। अभिषेक के बाद बेलपत्र, समीपत्र, दूब, कुशा, कमल, नीलकमल, ओंक मदार, जंवाफूल कनेर, राई फूल आदि से शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। इसके साथ की भोग के रूप में धतूरा, भाँग और श्रीफल महादेव को चढ़ाया जाता है।

**महादेव का अभिषेक :** महादेव का अभिषेक करने के पीछे एक पौराणिक कथा का उल्लेख है कि समुद्र मंथन के समय हलाहल विष निकलने के बाद जब महादेव इस विष का पान किया तो वे मूर्च्छित हो गए। उनकी दशा देखकर सभी देवी-देवता भयभीत हो गए और उन्हें होश में लाने के लिए निकट में जो चीजें उपलब्ध होती हैं, उनसे महादेव को स्नान कराने लगे। इसके बाद से ही जल से लेकर तमाम उन चीजों से महादेव का अभिषेक किया जाता है।

**बेलपत्र और समीपत्र :** भगवान शिव को भक्त प्रसन्न करने के लिए बेलपत्र और समीपत्र चढ़ाते हैं। इस संबंध में एक पौराणिक कथा के अनुसार जब 88 हजार ऋषियों ने महादेव को प्रसन्न करने की विधि परम पिता ब्रह्मा से पूछी तो ब्रह्मदेव ने बताया कि महादेव सौ कमल चढ़ाने से जितने प्रसन्न होते हैं, उतना ही एक नीलकमल चढ़ाने पर होते हैं। ऐसे ही एक हजार नीलकमल के बराबर एक बेलपत्र और एक हजार बेलपत्र चढ़ाने के फल के बराबर एक समीपत्र का महत्व होता है। शिवरात्रि में शिवोत्सव समूचे उज्जैन में मनाया जाता है। इन दिनों भक्त वत्सल्य भगवान आशुतोष महाकालेश्वर का विशेष श्रृंगार किया जाता है, उन्हें विविध प्रकार के फूलों से सजाया जाता है। यहाँ तक कि भक्तजन अपनी श्रद्धा का अर्पण इतने विविध रूपों में करते है कि देखकर आश्चर्य होता है।

## रक्षाबंधन

(वृहस्पति वार, 15 अगस्त 2019)

रक्षाबंधन एक हिंदू व जैन त्योहार है, जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण (सावन) में मनाए जाने के कारण इसे श्रावणी (सावनी) या सलूनी भी कहते हैं। रक्षाबंधन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से कर रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चाँदी जैसी महँगी वस्तु भी हो सकती है। रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध त्योहार है। रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहनें भगवान से अपने भाइयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। राखी सामान्यत: बहनें भाई को ही बांधती हैं, परंतु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित संबंधियो (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बाँधी जाती है। कभी-कभी सार्वजनिक रूप से किसी नेता या प्रतिष्ठित व्यक्ति को भी राखी बाँधी जाती है। रक्षाबंधन के दिन बाजार में कई सारे उपहार बिकते है, उपहार और नए कपड़े खरीदने के लिए बाजार में लोगो की सुबह से शाम तक भीड़ होती है। घर में मेहमानों का आना जाना रहता है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले कुछ उपहार देते है।

**अनुष्ठान :** प्रात: स्नानादि से निवृत्त होकर लड़कियाँ और महिलाएँ पूजा की थाली सजाती हैं। थाली में राखी के साथ रोली या हल्दी, चावल, दीपक, मिठाई और कुछ पैसे भी होते हैं। लड़के और पुरुष तैयार होकर टीका करवाने के लिए पूजा या किसी उपयुक्त स्थान पर बैठते हैं। पहले अभीष्ट देवता की पूजा की जाती है, इसके बाद रोली या हल्दी से भाई का टीका करके चावल को टीके पर लगाया जाता है और सिर पर छिड़का जाता है, उसकी आरती उतारी जाती है, दाहिनी कलाई पर राखी बाँधी जाती है और पैसों से न्यौछावर करके उन्हें गरीबों में बाँट दिया जाता है। भारत के अनेक प्रांतों में भाई के कान के ऊपर भोजली या भुजरियाँ लगाने की प्रथा भी है। भाई बहन को उपहार या धन देता है। इस प्रकार रक्षाबंधन के अनुष्ठान को पूरा करने के बाद ही भोजन किया जाता है। प्रत्येक पर्व की तरह उपहारों और खाने-पीने के विशेष पकवानों का महत्त्व रक्षाबंधन में भी होता है। आमतौर पर दोपहर का भोजन महत्त्वपूर्ण होता है और रक्षाबंधन का अनुष्ठान पूरा होने तक बहनों द्वारा व्रत रखने की भी परम्परा है। पुरोहित तथा आचार्य सुबह-सुबह यजमानों के घर पहुँचकर उन्हें राखी बाँधते हैं और बदले में धन, वस्त्र और भोजन आदि प्राप्त करते हैं। यह पर्व भारतीय समाज में इतनी व्यापकता और गहराई से समाया हुआ है कि इसका सामाजिक महत्व तो है ही, धर्म, पुराण, इतिहास, साहित्य और फिल्में भी इससे अछूते नहीं हैं।

**सामाजिक प्रसंग :** नेपाल के पहाड़ी इलाकों में ब्राह्मण एवं क्षेत्रीय समुदाय में रक्षाबंधन गुरु और भागिनेय के हाथ से बांधा जाता है। लेकिन दक्षिण सीमा में रहने वाले भारतीय भूत के नेपाली भारतीयों की तरह बहन से राखी बँधवाते हैं। इस दिन बहनें अपने भाई के दायें हाथ पर राखी बाँधकर उसके माथे पर तिलक लगाती हैं और उसकी दीर्घ आयु की कामना करती हैं। बदले में भाई उनकी रक्षा का वचन देता है। सगे भाई बहन के अतिरिक्त अनेक

भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बँधे होते हैं, जो धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे हैं। रक्षाबंधन का पर्व भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निवास पर भी मनाया जाता है। जहाँ छोटे-छोटे बच्चे जाकर उन्हें राखी बाँधते हैं। रक्षाबंधन आत्मीयता और स्नेह के बंधन से रिश्तों को मजबूती प्रदान करने का पर्व है। यही कारण है इस अवसर पर न केवल बहन भाई को ही अपितु अन्य संबंधों में भी रक्षा (या राखी) बांधने का प्रचलन है। गुरु शिष्य को रक्षासूत्र बाँधता है तो शिष्य गुरु को।

भारत में प्राचीन काल में जब स्नातक अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पक्षात गुरुकुल से विदा लेता था तो वह आचार्य का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उसे रक्षासूत्र बाँधता था, जबकि आचार्य अपने विद्यार्थी को इस कामना के साथ रक्षासूत्र बाँधते थे कि उसने जो ज्ञान प्राप्त किया है वह अपने भावी जीवन में उसका समुचित ढंग से प्रयोग करे ताकि वह अपने ज्ञान के साथ-साथ आचार्य की गरिमा की रक्षा करने में भी सफल हो। इसी परम्परा के अनुरूप आज भी आज किसी धार्मिक विधि विधान से पूर्व पुरोहित यजमान को रक्षासूत्र बांधता है और यजमान पुरोहित को। इस प्रकार दोनों एक-दूसरे के सम्मान की रक्षा करने के लिए परस्पर एक-दूसरे को अपने बंधन में बाँधते हैं। रक्षाबंधन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता या एकसूत्रता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। विवाह के बाद बहन पराये घर में चली जाती है। इस बहाने प्रतिवर्ष अपने सगे ही नहीं अपितु दूरदराज के रिश्तों के भाइयों तक को उनके घर जाकर राखी बाँधती है और इस प्रकार अपने रिश्तों का नवीकरण करती रहता है। दो परिवारों का और कुलों का पारस्परिक योग (मिलन) होता है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एकसूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार जो कड़ी टूट गयी है उसे फिर से जागृत किया जा सकता है।

**पौराणिक प्रसंग :** राखी का त्यौहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता, लेकिन पुराणों में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नजर आएं। भगवान इंद्र घबरा कर बृहस्पति के पास गए। वहां बैठी इंद्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मंत्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बाँध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इंद्र इस लड़ाई में इसी धागे की मंत्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। इतिहास में कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमें युद्ध के दौरान श्री कृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्री कृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी में से एक टुकड़ा बाँध दिया था, और इस उपकार के बदले श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट में द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था।

स्कंध पुराण, पद्मपुराण ओर श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। कथा कुछ इस प्रकार है-दानवेंद्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा माँगने पहुँचे। गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने ती पग में सारा आकाश पाताल और धरती नापकर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। इस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा बलि राजा के अभिमान को चकनाचूर कर देने के कारण यह त्योहार बलेव नाम से भी प्रसिद्ध है।

**जैन मतानुसार रक्षाबंधन :**

इस दिन विष्णुकुमार नामक मुनिराज ने 700 जैन मुनियों की रक्षा की थी। जैन मतानुसार इसी कारण रक्षाबंधन पर्व हम सब मनाने लगे व हमें इस दिन देश व धर्म की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

***(लेखक वेद विभूषण, शास्त्री एवं प्राच्यविद्या संस्कृत प्रतिष्ठान के सचिव हैं)।***


CAPITAL TRADERS

MAA INDRANI TRADERS

G D SIKARIA COMPLEX , M S ROAD , FANCY BAZAR

GUWAHATI , ASSAM

MOB -9435107211 , 8254821046

Hawkins MILTON Kuch naya sochte hain cello Prestige BAJAJ LA OPALA BOROSIL sun-kwik Home Appliances An ISO 9001:2008 Company

DEALS IN ALL TYPES OF HOUSEHOLD AND KITCHEN WARE GOODS AND APPLIANCES.

# हरियाणा भवन में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा द्वारा हरियाणा भवन में गत 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा कई विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शाखा के तत्वावधान में आयोजित इस योग शिविर में हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट, महेश योग समिति, समन्वयव महिला समिति, अग्रवाल सखी ने सहयोग किया। कार्यक्रम के पहले सत्र में महेश योग समिति के यागाचार्य मदन मोहन मल, सह-आचार्य शंकर बील, योग प्रशिक्षिका कुसुम जालान ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराए। सुबह 7 बजे तक चले इस योग शिविर में 100 से भी अधिक लोगों ने भाग लिया। योग शिविर के संयोजक संजय खेतान थे। महेश योग समिति ने नव निर्वाचित शाखाध्यक्ष श्री निरंजन सीकिरिया को पुस्तक भेंट कर व फुलाम गमछा से सम्मानित किया।

# प्रिविलेज कार्ड और दान पात्र का उद्घाटन




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हरियाणा भवन में आोयजित योग शिविर के पश्चात दूसरे सत्र में शाखाध्यक्ष श्री निरंजन कुमार सीकरिया की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित की गई। शाखा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में आमंत्रित अतिथियों को परियोजनाओं की जानकारी दी एवं आमंत्रित अतिथियों का फुलाम गामोछा से सम्मान किया। तत्पश्चात सत्र में प्रिविलेज कार्ड, दान पात्र व योगदान पत्र का विमोचन कराया गया। कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद कुमार लोहिया ने उपस्थित सदस्यों व समाज के लोगों को दान पात्र व योगदान पत्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये दान पत्र विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लगाए जाएंगे। दान पत्र के जरिए संग्रह की हुई राशि विशेष रूप स्वास्थ्य सेवा के लिए उपयोग




किया जाएगा। स्वस्थ्य सेवा के उद्देश्य से आरोग्य सेवा नामक एक योजना के बारे में बताते हुए श्री लोहिया ने कहा कि आरोग्य सेवा हेतु योगदान पत्र वितरित किया जाएगा। योगदान पत्र से प्राप्त हुई राशि मोबाइल वैन द्वारा आस-पास के गावों में नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा एवं दवाइयां वितरित की जाएगी। साथ ही पैथोलॉजी जांच, फिजियोथेरेपी, न्यूरोथेरेपी एवं योग केंद्र में विशेष रूप से प्रयोग किया जाएगा। तदुपरांत सदस्यों के लिए प्रिविलेज कार्ड के बारे में कार्यक्रम संयोजक श्री पवन कुमार जाजोदिया ने जानकारी देते हुए कहा कि शाखा द्वारा शाखा सदस्यों तथा उनके परिवार के लिए प्रिविलेज कार्ड का वितरण किया जाएगा। इस कार्ड के जरिए चयनित हॉस्पिटल, दवाई की दुकान, शॉपिंग मॉल व अन्य उल्लेखीत प्रतिष्ठानों से खरीददारी में छूट मिलेगी।

इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में गुवाहाटी नगर निगम की पूर्व पार्षद श्रीमती सुनीता भीलवाड़िया ने प्रिविलेज कार्ड का विमोचन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया ने दान पात्र का विमोचन किया एवं दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वी दिवेश जी द्वारा योगदान पत्र का विमोचन कराया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता भीलवाड़िया ने शाखा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रांतीय अध्यक्ष श्री सीकरिया ने कहा कि कामरूप शाखा गठन के पिछले चार सालों में नित्य नए-नए कार्यक्रम करते आ रहे हैं, जो कि काबिले-तारीफ है। इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री श्री राजकुमार तिवाड़ी ने कहा कि शाखा की हर गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से अन्य शाखाओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।

शाखा द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रांतीय महामंत्री, प्रांतीय संगठन मंत्री श्री कृष्ण कुमार जालान, प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री अशोक अग्रवाला, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री संजय कुमार मोर को भी ससम्मान प्रिविलेज कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में शाखा सदस्यों के बीच प्रिविलेज कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार भीमसरिया, शाखा मंत्री श्री दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री दीपक जैन, सदस्य श्री राजीव अग्रवाल, श्री उमाशंकर गट्टानी, श्री रतन कुमार खाखोलिया, श्री संजय खेतान, श्री अनुज चौधरी, श्री प्रभात शर्मा, श्री जीवनचंद कांकरिया उपस्थित थे।

दूसरे सत्र के इस कार्यक्रम में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वी श्री दिवेशजी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा खबरों में

## मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की तृतीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की तृतीय कार्यकारिणी के दौरान मंच पर शाखाअध्यक्ष निरंजन सीकरिया, उपाध्यक्ष विनोद लोहिया, सचिव दिनेश गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष पवन जाजोदिया व अन्य सदस्य।

**गुवाहाटी।** मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा की तृतीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आज होटल ऋतुराज में संपन्न हुई। निरंजन सिकरीया की अध्यक्षता में हुई इस सभा में निवर्तमान अध्यक्ष पवन जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष संपत मिश्र के ... होम्योपैथिक मोबाइल भान समिति के संयोजक विकास गाड़ोदिया के संयोजन में महीने में कम से कम दो शिविर ग्रामीण अथवा जरूरतमंद इलाकों में करने का प्रस्ताव पारित किया। परिणय बंधन समिति को ओर अधिक गति ... नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए पवन जाजोदिया को दायित्व प्रदान किया गया। सूचना प्रसारण, प्रचार व जनसंपर्क कार्यों के लिए संपत मिश्र को सलाहकार नियुक्त किया गया। प्रांतीय सभा सदस्यों की के लिए शाखा ... (प्रस)

## मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा की तृतीय कार्यकारिणी सभा संपन्न



▲ पूर्वोदय संवाददाता

गुवाहाटी, 12 मई। मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा की तृतीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आज निरंजन सीकरिया की अध्यक्षता में ...न हुई। सभा में निवर्तमान ...यक्ष पवन जाजोदिया, पूर्व ...क्ष संपत मिश्र के अलावा सभी ...कारिणी सदस्य उपस्थित थे। ...ध्यक्ष के स्वागत भाषण के ... सचिव दिनेश गुप्ता ने ... कार्यकारिणी का प्रतिवेदन ...या। कार्यकारिणी में भावी ...ों की रूपरेखा भी बनाकर ...ी गई। जिसमें होम्योपैथिक ...वैन समिति के संयोजक ...ड़ोदिया के संयोजन में ...म से कम दो शिविर ...वा जरूरतमंद इलाकों में करने का प्रस्ताव पारित किया गया। परिणय बंधन समिति की ओर से अधिक गति प्रदान करने के लिए सुझाव पर चर्चा की गई। आगामी दिवाली के उपलक्ष्य में पारिवारिक मिलन समारोह के लिए संजय काबरा, विनोद शर्मा और प्रभात शर्मा को संयोजक बनाया गया।

शाखा का स्थाई प्रकल्प चाबीपुल एलपी स्कूल के नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए पवन जाजोदिया को दायित्व दिया गया। सूचना प्रसारण, प्रचार व जनसंपर्क कार्यों के लिए संपत मिश्र को सलाहकार नियुक्त किया गया। प्रांतीय सभा सदस्यों के लिए शाखा अध्यक्ष व सचिव के अलावा विनोद लोहिया, सज्जन जाजोदिया, अशोक अग्रवाल, जीवन कंकानिया, पवन जाजोदिया को मनोनीत किया गया। इसके अलावा गत दिनों हुए आय-व्यय के हिसाब को भी प्रस्तुत ...

## कामरूप शाखा का तीसरा शपथ ग्रहण समारोह, निरंजन सिकरिया ने संभाला अध्यक्ष का दायित्व



सम्मेलन की कामरूप शाखा के शपथ विधि समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सिकरिया व अन्य पदाधिकारीगण

**गुवाहाटी।** सम्मेलन की कामरूप शाखा ने महज 4 वर्षों में ही अपनी एक अलग पहचान बना ली है। इसकी गतिविधियां केवल एक ही क्षेत्र में नहीं हुई है बल्कि समाज सुधार में जूठन विरोधी, सामाजिक क्षेत्र में विवाह परिणय बंधन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग शिविर, होम्योपैथिक मोबाइल सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय का नवीनीकरण, क्षेत्र में जीएसटी सेमिनार वाणिज्य क्षेत्र में ... आयोजित करना है। यह बातें सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सिकरिया ने कामरूप शाखा के तृतीय शपथ विधि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। ...

क्लासिफाइड विज्ञापन

HOUSE & FLAT

70% completed 1/2/3 BHK flat at Azara, Guwahati. Rs. 7.99L/11.11L/24.96/28.31 & get subsidy under PMAY (T&C) : 9127812872.

EDUCATION

Do your incomplete studies with Nirmal Groups of organisations. NIDL offers distance learning courses X, XII, BA, MA, B.Sc, M.Sc, MBA, M.Com, B.Ed, D.El.d etc. Franchisee opportunity available. NIDL, Guwahati-81330-43407 www.nirmalgroups.in

## मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा का शपथ विधि समारोह संपन्न




▲ पूर्वोदय संवाददाता

गुवाहाटी, 21 अप्रैल। मारवाड़ी सम्मेलन की कामरूप शाखा ने महज 4 वर्षों में ही अपनी एक अलग पहचान बना ली है। इसकी गतिविधियां केवल एक ही क्षेत्र में नहीं हुई है, बल्कि समाज सुधार में जूठन विरोधी, सामाजिक क्षेत्र में परिणय बंधन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग शिविर, होम्योपैथिक मोबाइल सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय का नवीनीकरण, वाणिज्य क्षेत्र में जीएसटी सेमिनार आयोजित करना है। यह बातें पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया ने कामरूप शाखा के तृतीय शपथ विधि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ...

इससे पहले शाखा अध्यक्ष पवन जाजोदिया की अध्यक्षता में शपथ विधि समारोह की शुरुआत प्रांतीय अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर की एवं उनके सहयोगी के रूप में प्रांतीय महामंत्री राजकुमार तिवाड़ी, निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओंकारमल अगरवाला, निवर्तमान प्रांतीय महामंत्री प्रमोद तिवाड़ी, प्रांतीय सलाहकार पवन सीकरिया, संगठन मंत्री किशन कुमार जालान, शाखा मंत्री निरंजन सीकरिया व कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक व संचालक ... ने किया। शाखा अध्यक्ष ने स्वागत भाषण के बाद अपने कार्यकाल के सर्वश्रेष्ठ सदस्यों को पुरस्कृत किया। प्रांतीय महामंत्री श्री तिवाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक आयोजन करने के लिए बहुत सी धार्मिक संस्थाएं हैं। परंतु जब बात सामाजिक कार्य की आती है तो सम्मेलन की भूमिका अधिक बढ़ ... धार्मिक कार्यों से ज्यादा समाजसेवा के कार्य की जिम्मेदारी शाखाओं पर होती है। इसके बाद चुनाव अधिकारी संपत मिश्र ने निरंजन सीकरिया को नवनिर्वाचित अध्यक्ष का प्रमाण पत्र हस्तांतरित किया।

प्रांतीय अध्यक्ष श्री सीकरिया ने नए अध्यक्ष को शपथ पाठ करवाया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मैं आश्वासन देता हूं कि कामरूप शाखा को सर्वश्रेष्ठ शाखा के साथ आदर्श शाखा के रूप में प्रतिष्ठित करूंगा। शिक्षा और साक्षरता के क्षेत्र में समाज के अव्वल दर्जे के छात्र धन के अभाव में वंचित नहीं रहे, इस पर चिंतन करूंगा। आज शाखा का स्थायी प्रकल्प होम्योपैथ मोबाइल वैन का उद्घाटन भी किया जा रहा है। गांव में होम्योपैथिक मोबाइल वैन के अलावा समय-समय पर पैथोलॉजी शिविर भी चलाएगा।

इस अवसर पर शाखा का त्रैमासिक मुखपत्र कामरूप दर्पण का विमोचन प्रमोद तिवाड़ी ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष ने नए अध्यक्ष को होम्योपैथिक मोबाइल वैन की चाबी सौंपी। सम्मेलन की महिला शाखा, अणुव्रत समिति, जीडी सीकरिया कांप्लेक्स, अग्रवाल युवा परिषद की ओर से नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सम्मानित किया। नवनियुक्त शाखा मंत्री दिनेश गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## नलबाड़ी : राधा कृष्ण मंदिर में मारवाड़ी सम्मेलन की परिणय बंधन समिति की पहली कार्यशाला संपन्न



**गुवाहाटी/नलबाड़ी, 19 मई (पू.सं.)।** मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की परिणय बंधन समिति ने रविवार को नलबाड़ी के राधा कृष्ण मंदिर में एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन कामरूप शाखा की वेबसाईट पर परिणय बंधन को बढ़ावा देने के लिए किया गया। यह इस समिति की पहली कार्यशाला थी। कार्यशाला में मारवाड़ी सम्मेलन, नलबाड़ी के पदाधिकारियों के अलावा दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं मातृशक्ति ने शिरकत की। वेबसाईट पर कैसे आईडी बनाई जाए और कैसे बॉयोडाटा अपलोड करें इसकी जानकारी दी गई। सुनील शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत में मारवाड़ी सम्मेलन, नलबाड़ी और दिगंबर जैन समाज की तरफ से संयोजक प्रदीप जाजोदिया और सलाहकार विनोद कुमार लोहिया का फुलाम गामोछा और जैन दुप्पटे से स्वागत किया गया।

## मारवाड़ी सम्मेलन, कामरुप शाखा ने चाबी पुल प्रावि में किया वृक्षारोपण



गुवाहाटी : पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण करते मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारीगण

**गुवाहाटी।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मारवाड़ी सम्मेलन की कामरुप शाखा ने चाबी पुल स्थित आठ गांव चाबी पुल प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में वृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्य किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष निरंजन सिकरीया ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। पर्यावरण असंतुलित होने से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा प्रत्येक वर्ष बढ़ते ही जा रहा है। आज उत्तर भारत में गर्मी का पारा 50 डिग्री के पास पहुंचना इसका ज्वलंत उदाहरण है। शाखा सचिव दिनेश गुप्ता ने कहा कि हमारी शाखा ने विद्यालय प्रांगण के अलावा 300 पेड़ अन्य संस्था व विद्यालय को भी प्रदान किया। ताकि अधिक संख्या में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हो सकें। शाखा की तरफ से जापानीज रोज, चाइना टाउन, काराबी, तामुल, जावा, एग्रो चंदन, कृष्णचुडा, सिंदूर, बोकुल, आमलखी, बोकफूल, जोलपाई, पुत्रजीवा, बेदाना, गुमारा, आदि के पौधे वेद विद्यालय, प्राच्य विद्या संस्कृत प्रतिष्ठान, शराब भट्टी शिव शीतला हनुमान मंदिर, चाभीपुल नामघर महिला समिति, स्टूडेंट्स फैकल्टी, शिशु निकेतन स्कूल के अलावा सभी शाखा सदस्यों को अपने आवास में वृक्षारोपण के लिए पौधे दिए गए। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष विनोद लोहिया, निवर्तमान अध्यक्ष पवन जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष संपत मिश्र, सह - मंत्री अनुज चौधरी व दिलीप अग्रवाल के अलावा संजय खेतान, अजीत शर्मा, विनोद शर्मा, विजय भीमसरिया, विजय अग्रवाल, संजय काबरा, सुजीत बखरेडिया, रतन अग्रवाल, उमाशंकर गट्टानी, स्कूल के प्रधानाध्यापक हरिधन कोटिकी, सह-प्रधानाध्यापिका दीपाली कलिता के अलावा कई स्थानीय व्यक्ति उपस्थित थे। (नसं)



# ओम बिड़ला

## जमीनी नेता से लोकसभा अध्यक्ष तक

*छात्र नेता के रूप में राजनीतिक सफर शुरू करते हुए श्री बिड़ला राजस्थान विधानसभा के लिए लगातार तीन बार 2003, 2008 और 2013 में सदस्य चुने गए। वह लोकसभा सदस्य के रूप में पहली बार 2014 में चुने गए और हाल ही में हुए आम चुनाव में भी उन्होंने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की।*

राजस्थान के कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र से 3 बार सांसद और 2 बार विधायक वसुंधरा राजे की सरकार में संसदीय सचिव और अखिल भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके श्री ओम बिड़ला को इस बार मोदी सरकार ने 17वीं लोकसभा में अध्यक्ष पद के लिए एनडीए की ओर से उम्मीदवार बनाया था, जिसमें वे निर्विरोध चुन लिए गए। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में श्री बिरला, आठ बार सांसद रहीं सुमित्रा महाजन के उत्तराधिकारी बने हैं। इस पद पर अक्सर वरिष्ठ सदस्यों के चुने जाने की परंपरा के उलट लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले बिड़ला (56) तुलनात्मक रूप से नए सदस्य हैं।

इस पद के लिए भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के रूप में उनका नाम चौंकाने वाला साबित हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं उनके नाम का प्रस्ताव किया। श्री बिड़ला को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, दोनों का करीबी माना जाता है। लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए श्री बिड़ला की उम्मीदवारी को कांग्रेस, द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों और गैर राजग दलों बीजद और वाईएसआर कांग्रेस का भी समर्थन मिला।

### स्वच्छ छवि के कुशल संगठनकर्ता

श्री ओम बिड़ला की छवि कुशल संगठनकर्ता की रही है। वे राजस्थान के हाड़ोती इलाके (कोटा संभाग) से आते हैं, जिसे भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस इलाके में कोटा, बूंदी, बारां और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का गृहक्षेत्र झालावाड़ भी शामिल हैं। वह कोटा भारतीय जनता युवा मोर्चा के 4 साल तक जिलाध्यक्ष रहे। इसके बाद प्रमोट करते हुए उन्हें अध्यक्ष बनाया गया। वे छह साल इस पद पर रहे। इसके साथ ही बिड़ला लागातार 6 साल तक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान में सत्ता विरोधी लहर के बावजूद कोटा दक्षिण सीट पर भाजपा जीत हासिल करने में कामयाब रही। इससे पूर्व 2003 में जब श्रीमती वसुंधरा राजे की अगुवाई में राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो श्री ओम बिड़ला को संसदीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। छात्र नेता के रूप में राजनीतिक सफर शुरू करते हुए श्री बिड़ला राजस्थान विधानसभा के लिए लगातार तीन बार 2003, 2008 और 2013 में सदस्य चुने गए। वह लोकसभा सदस्य के रूप में पहली बार 2014 में चुने गए और हाल ही में हुए आम चुनाव में भी उन्होंने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। उन्होंने कोटा-बूंदी सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार रामनारायण मीणा को 2.5 लाख से अधिक मतों से पराजित किया।

### सदन के सितारे

सदन के अनुशासित सदस्य की छवि वाले श्री बिड़ला को विधानसभा में बहस के दौरान सक्रिय रूप से हिस्सा लेने के लिए उनकों सम्मान मिला और इसके चलते इनका नाम सदन के सितारे में 6 बार शामिल किया गया। उनकी 16वीं लोकसभा में औसत उपस्थिति 86 प्रतिशत रही है। उन्होंने 671 सवाल पूछे और 163 बहस में हिस्सा लिया। उन्होंने छह निजी विधेयक भी पेश किए। इससे पहले 1991 से 2003 तक वह भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रमुख नेता के रूप में पहले संगठन की राजस्थान प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रहे और फिर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। वाणिज्य में परास्नातक डिग्री प्राप्त श्री बिड़ला, ऊर्जा मामलों पर संसद की स्थायी समिति के सदस्य रहे हैं। इसके अलावा वह याचिका समिति तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की परामर्श समिति के भी सदस्य रहे हैं।

### कच्छ के भूकंप और केदारनाथ आपदा में की थी समाज सेवा

जब गुजरात में भयंकर भूकंप आया था, तब श्री ओम बिड़ला बहुत लंबे समय तक वे कच्छ में रहे। अपने इलाके के युवा साथियों को लेकर आए और पीड़ितों की सेवा का काम किया। जब केदारनाथ का हादसा हुआ तो श्री बिड़ला अपनी टोली के साथ उत्तराखंड में समाज सेवा के लिए लग गए और अपने कोटा में भी अगर किसी के पास ठंड के सीजन में कंबल नहीं है तो रातभर कोटा की गलियों में निकलकर जन भागीदारी से लोगों को कंबल पहुंचाते हैं।

### कोटा में भूखों के लिए चलाते हैं 'प्रसादम'

श्री ओम बिड़ला ने एक व्रत लिया था कि कोटा में कोई भूखा नहीं सोएगा और वे एक 'प्रसादम' नाम की योजना चलाते हैं जो आज भी चल रही है। ओम बिड़ला ने राजनीति का केंद्र बिंदु जन आंदोलन से ज्यादा जनसेवा को बनाया।

ऐसा संवेदनशील व्यक्तित्व आज जब स्पीकर पद पर आया है, तो वो हमें अनुशासित भी करेंगे और अनुप्रेरित भी करेंगे। उनके कार्यकाल में सदन देश के लिए उत्तम से उत्तम तरीके से काम कर सकेगा। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई देती तथा उनके राजनीतिक जीवन में और सफलता हासिल करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं देती है।

# मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा
# মাৰোৱাড়ী সন্মিলন, কামৰূপ শাখা
# Marwari Sammelan, Kamrup

REGN. NO. : RS/KAM (M) 263/Q/264 OF 2017-18

*दिनांक : 03-07-2019*

सेवा में
**श्रीमान ओम जी बिड़ला**
**अध्यक्ष, लोकसभा**
**भारतीय संसद, नई दिल्ली**

महोदय
सर्वप्रथम लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर मारवाड़ी सम्मलेन, कामरूप शाखा की तरफ से हार्दिक बधाई व अभिनंदन।

हम अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मलेन के अंतर्गत पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मलेन की गुवाहाटी में स्थित एक इकाई हैं। इसमें वर्तमान में 275 से अधिक सदस्य हैं, जो मारवाड़ी समाज के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य रखते हुए मानव सेवा को आधार बनाकर राष्ट्र की सेवा में समर्पित है। व्यापार से इतर विभिन्न कर्म क्षेत्रों में मारवाड़ियों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। डॉक्टर, इंजीनियर, टैक्स प्रोफेशनल, प्रशासनिक अधिकारी, राजनीतिज्ञ सहित सभी जगह मारवाड़ी समाज ने नित नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मारवाड़ी सम्मलेन मारवाड़ी समाज के राष्ट्रीय उत्तरदायित्वों को निभाते हुए समाज के उत्थान एवं समाज में व्याप्त बुराइयों से लड़ने के लिए कटिबद्ध है।

मारवाड़ी सम्मलेन, कामरूप शाखा के कुछ नियमित कार्यक्रम निम्नानुसार चल रहे हैं अथवा प्रारम्भ होने जा रहे हैं :

1. गत तीन वर्षों से नियमित एवं पूर्णत: नि:शुल्क, सर्व धर्म समभाव पर आधारित, योग केंद्र का प्रतिदिन सुबह 5.45 से 7 बजे तक संचालन।
2. मारवाड़ी समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों के विवाह हेतु वेबसाइट www.sammelankamrupsakha.com का संचालन।
3. विगत चार वर्षों से 'जूठन विरोधी अभियान' के तहत अन्न के दुरपयोग को रोकने का अभियान।
4. असम के कामरूप (ग्रामीण) जिले के विभिन्न भागों में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मोबाइल वैन से होम्योपैथी चिकित्सा सप्ताह में 5 दिन नि:शुल्क चलाने के लिए मारुति वैन खरीद ली गई है और असम सरकार के आयुष विभाग के सहयोग से निकट भविष्य में 'आरोग्य सेवा' कार्यक्रम के तहत लोगों को पूर्णत: नि:शुल्क सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

महोदय, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आपके बारे में संसद में बताया कि आप मानवता की सेवा में कितने समर्पित हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 'परिधान' के माध्यम से कपड़ों एवं किताबों का वितरण, भोजन एवं दवाइयों की व्यवस्था सहित रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान के कोटा क्षेत्र में आप लोकप्रिय हैं। आपकी मानवीय संवेदनाओं के प्रति समझ एवं नेतृत्व की क्षमता को संज्ञान में लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने आपको लोकसभा के गरिमामय अध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त पाया और प्रतिपक्ष ने भी राजनीति से ऊपर उठकर आपको पूर्ण समर्थन दिया। आपके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर पूरा मारवाड़ी समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

हम मारवाड़ी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति हमारी समझ एवं दूरदर्शिता के लिए विश्वविख्यात हैं। आपका कार्यकाल समाप्त होते-होते हम देखेंगे कि संसद की निचली सदन लोकसभा ने कई नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए। आपकी निष्पक्षता की मिसाल आने वाला समय देगा, ऐसा हमारा विश्वास है ।

पुन: आपके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ,

आपका

*(निरंजन कुमार सीकरिया)*
*अध्यक्ष*


| NIRANJAN KR. SIKARIA | VINOD KR. LOHIA | DINESH GUPTA | DIPAK JAIN |
|---|---|---|---|
| PRESIDENT | WORKING PRESIDENT | SECRETARY | TREASURER |
| Cell : 98640-28241 | Cell : 94351-06500 | Cell : 94350-19174 | Cell : 98642-09898 |

**Secretary Office :** *DINESH GUPTA,* 203, Ramkumar Plaza, Chatribari Road, Guwahati - 781001, Assam
**Website :** www.sammelankamrupsakha.com **E-mail :** sammelankamrupsakha@gmail.com

# बंधुत्व विकास समिति
## को मिला सदस्यों का सहयोग

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की बंधुत्व विकास समिति को प्रस्तावित डाटा संग्रह के लिए सदस्यों का सहयोग मिला है। इनके माध्यम से डाटा संग्रह के लिए नया आवेदन पत्र सभी सदस्यों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा समिति ने ई-फॉर्म के जरिए भी डाटा संग्रह करने का वैकल्पिक मार्ग निकाला है।

समिति के संयोजक रतन कुमार अग्रवाल ने बताया कि समिति ने 214 सदस्यों की सूची को संशोधित कर बधाई संदेश भेजने के लिए व्यवस्थित कर लिया है। जून महीने में समिति को 90 प्रतिशत सदस्यों को बधाई संदेश भेजने का आनंदप्रद अनुभव रहा। शाखा सदस्यों श्री रतन खाखोलिया, श्री अशोक पंसारी, श्री चंद्रप्रकाश सांगानेरिया, श्री कमल जैन ने सहयोग का आश्वासन देकर समिति का उत्साहवर्द्धन किया, जिस पर संयोजक ने आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि बंधुत्व विकास समिति शाखा सदस्यों को उनके जन्मदिन पर बधाई संदेश देने, विवाहित शाखा सदस्यों को उनके विवाह की वर्षगांठ पर बधाई संदेश देने तथा किसी सदस्य के यहां देहावसान की स्थिति में सदस्यों को सांत्वना देने और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि प्रदान करने का कार्य करती है।

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा
द्वारा संचालित स्थायी प्रकल्प
जूठन विरोधी
जागरूकता अभियान

# स्नेह एक प्रश्नचिन्ह





कविता

**सीए संजय कुमार काबरा**

दुनिया वालों! तुमने पहले क्यों नहीं कहा
किसी को बहन बनाना अपराध होता है।
मुझे यह पता न था, तुम तो जानते थे
किसी कलाई पर राखी बंधवाना अपराध होता है।
कितना खुशनसीब माना था खुद को,
जब यह रिश्ता अपनाया था।
पर शायद दुनिया की निगाहों में,
छुपा भेद न मैंने पाया था।
मैं अनभिज्ञ था कि उसके लिए भी,
दुनिया की सहमति लेनी होगी
इस रिश्ते की पुष्टि हेतु भी,
क्या कठिन परीक्षा देनी होगी।
इस संताप में मुझे तपता देख
विसंहता है यह जंग बैरी
मूक दराने बज देख रहा सब कुछ,
इससे कठिन परीक्षा होगी क्या मेरी?
माना पापी के दिल में तो पाप ही बसता है,
पर क्या सभी के दिल में पाप होता है।
दुनिया वालों! तुमने पहले क्यों नहीं कहा कि
किसी को बहन बनाना अपराध होता है।
काश! दुनिया वालों की यह,
कटु भावना मैं पहचान पाता।
तो क्यों इस पवित्र प्रेम की,
डोरी को अपमानित करवाता।
हकीकत से परिचित होकर भी,
क्यों अनभिज्ञ बना यह संसार
किसी पर कीचड़ उछालने में,
नजर क्या आता उसको सार
लगता है इंसानियत तो,
संसार से अलविदा कह चुकी।
अनैतिकता खुले हृदय कपाटों में
साधिकार प्रवेश पा चुका।
मेरी तो हस्ती ही क्या उस दुनिया में जहां
सज्जनों पर भी कुठाराघात होता है।
दुनिया वालों! तुमने पहले क्यों नहीं कहा
किसी को बहन बनाना अपराध होता है।
अक्सर सुनते हैं कि
अपनों से तो गैर ही अच्छे।
पर मेरे लिए तो
न अपने अच्छे, न गैर ही अच्छे।
अपनी बेगुनाही का कैसे विश्वास दिलाऊं मैं?
सभी पराये हो चुके,
किसको गवाह बनाऊं मैं?
हे देव तुम्ही साक्षी हो,
किसको गवाह बनाऊं मैं?
जब यहां यकीन न करता है तो,
किसी से कैसे नाता न निभाऊं मैं।
सच ही तो है, दुनिया वालों की अदालत में,
कड़वे सच के साथ कब इंसाफ होता है?
दुनिया वालों! तुमने पहले क्यों नहीं कहा
किसी को बहन बनाना अपराध होता है।
पर धिक्कार है उस दुनिया को,
जहां मानवता आश्रय न पाती हो।
'राखी' जैसे रिश्तों को भी,
जहां आग लगाई जाती हो।
जिसको जो कहना हो कहे,
किसी का मुंह न पकड़ पाऊंगा मैं।
जिस आग में जलाएगा जहां,
उस आग में जल जाऊंगा मैं।
दुनिया वालों! चुप क्यों हो गए?
बोलो! प्रतिरोध में कुछ न कहूंगा मैं।
जब विष पीकर शिव अमर हुए,
तो गम पीकर भी हसूंगा मैं।
गम ही जिसकी जिंदगी हो उसके लिए,
तो हर गम सहना आसान होता है।
दुनिया वालों! तुमने पहले क्यों नहीं कहा
किसी को बहन बनाना अपराध होता है।

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा
द्वारा संचालित स्थायी प्रकल्प
निःशुल्क स्थायी योग केंद्र
समय : सुबह 6 से 7.15 बजे तक
स्थान : हरियाणा भवन, गुवाहाटी



# वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में दिया योगदान

पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक दिन पहले 4 जून को मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा द्वारा चाबीपुल स्थित आठगांव चाबीपुल प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में वृहद रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष निरंजन सीकरिया ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। पर्यावरण असंतुलित होने से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा प्रत्येक वर्ष बढ़ते ही जा रहा है। आज उत्तर भारत में गर्मी का पारा 50 डिग्री के पास पहुंचना इसक ज्वलंत उदाहरण है। शाखा सचिव दिनेश गुप्ता ने कहा कि हमारी शाखा ने विद्यालय प्रांगण के अलावा 300 पौधे अन्य संस्था व विद्यालय को भी प्रदान किया ताकि अधिक संख्या में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हो सके।

शाखा की तरफ से जापानीज रोज, चाइना टाउन, काराबी, तामुल, जावा, एग्रो चंदन, कृष्णचुड़ा, सिंदूर, बोकुल, आम लखी, बोकफुल, जलपाई, पुत्र जीवा, बेदाना (अनार), गुमारा आदि के पौधे वेद विद्यालय, प्राच्य विद्या संस्कृत प्रतिष्ठान, शराबभट्टी शिव शीतला हनुमान मंदिर, चाबीपुल नामघर महिला समिति, स्टूडेंस फैकल्टी, शिशु निकेतन स्कूल के अलावा सभी शाखा सदस्यों को अपने आवास में वृक्षारोपण के लिए पौधे दिए गए। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनेद कुमार लोहिया, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष श्री संपत मिश्र, सहमंत्री श्री अनुज चौधरी व श्री दिलीप भीमसरिया, श्री विजय अग्रवाल, श्री संजय काबरा, श्री सुजीत बखरेड़िया, श्री रतन कुमार अग्रवाल, श्री उमाशंकर गट्टानी, स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री हरिधन कटकी, सह-प्रधानाध्यापिका श्रीमती दीपाली कलिता के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



**मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा द्वारा कला एक खोज ( Talent Hunt ) के अंतर्गत नृत्य, गायन, हास्य, वादन पर प्रतियोगिताएं**

मारवाड़ी समाज एक छत के नीचे समाहित होकर सांगठनिक व्यवस्था को और दुरूस्त करने हेतु युवाओं की भागीदारी अति आवश्यक है। सम्पूर्ण समाज में एवं सामाजिक सरोकार से मारवाड़ी युवक एवं युवतियों का जुड़ाव बढ़े, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अपने समाज के कलाकारों की प्रतिभा को निखारने व प्रोत्साहित करने के लिये **तीन चरणों में नृत्य, गायन, हास्य, वादन पर प्रतियोगिताएं दो ग्रुप** में आयोजित करने का मानस बनाया है। **1) जूनियर : 8 से 14 साल, 2) सीनियर : 14 साल** से अधिक उम्र के सभी कलाकार पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण शुल्क 200/- रुपए निर्धारित किए गए हैं। अपने चिर परिचित, बंधु बांधव एवं सदस्यों को पंजीकरण करवाने व प्रतियोगिता में अंश ग्रहण करने के लिए प्रेरित करने के लिए अनुरोध करती है।

सदैव की तरह समाज के उत्थान, सुदृढ़ व संगठित समाज निर्माण में आपकी महति भूमिका रचनात्मक साथ निभायेगी, ऐसा हमारा दृढ़ विश्वास है।

**विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें :**
**पवन पसारी, संयोजक ( सांस्कृतिक समिति )**
**73990 41644**



Avail **Amazing** discount offered through *Privilege Card*

| | | | |
|---|---|---|---|
| **EASTERN TRADE & AGENCIES**<br>Ram Mandir Lane, Near Rly Gate 2<br>Lakhtokia, Guwahati - 781001<br>Mobile No. - 94350 42013 | Maximum Discounts to our Member :<br>Wires & Cables, Accessories, MCB's<br>LED Bulbs, PVC Pipes & Fittings, Boards,<br>Casing Pipes, Modular Fittings, Gas Stoves<br>Chimney, Appliances, Fans, Air Coolers. | **OM'S DEPARTMENTAL STORE**<br>BR Phookan Road, Near Jain Bhawan<br>Rly Gate No. 7, Guwahati - 781009<br>Mobile No. - 94359 21212 | Snacks Items, Grocery & Staples 5% to 20%<br>Oil & Ghee 3% to 19%<br>Household Care, Personal Care 4% to 10%<br>Baby Care 5% to 15%<br>Frozen Items 2% to 10%<br>Dairy Products 2% to 5%<br>Dry Fruits & Spices 19% to 50% |
| **PURBANCHAL WOOD PRODUCTS**<br>Opposite Hanuman Tower, S.J. Road<br>Athgaon, Guwahati - 781001<br>Mobile No. - 98640 64435 | Maximum Discounts to our Member :<br>Membrane Doors, Laminated Doors<br>Moulded Panel Doors, Flush Doors<br>PVC Doors, WPC Doors & Frames<br>Wooden Doors, Doorskins, Plywood, etc | | |
| **KIRANSHREE HOME**<br>S. C. Road, Kumarpara<br>Guwahati - 781009<br>Mobile No. - 92070 09999<br>94071 26770 | 20% Discount on Room Rent &<br>Breakfast Free to our Valued Members<br>Single Occupancy @ 2500/- plus GST<br>Double Occupancy @ 3000/- plus GST | | |

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के सदस्यों से आग्रह है कि जो सदस्य प्रिविलेज कार्ड हेतु आवश्यक पारिवारिक जानकारियां नहीं दिए हैं वे कृपया इस नंबर 98640 27746 या 91018 66603 पर व्हाट्सएप या pkbhajanlal@gmail.com पर ई-मेल के जरिए शीघ्र भेजें।

*Happy Moments for Members*

Get DISCOUNT on PURCHASES and SERVICES from VARIOUS REPUTED VENDORS.



ICI

Since 1976



# INDIAN CANVAS INDUSTRIES

Manufacturer of all types of Tents, Canvas/HDPE Tarpaulins, Automobile Hoods, Canopies, Mosquito Net FR, Coat Combat, Kit Bag, Kit Box (Steel), Synthetic/Cotton Web Items, Uniform Items and allied Textile Products.

923, Fatasil Main Road, Guwahati-781009 (Assam)

Tel : 0361-2472921 (Off.) Fax : 0361-2472753, Mobile : +91 94350 44872

E-mail : indiancanvas@gmail.com


भरसक प्रयास किया गया है कि 'कामरूप दर्पण' के इस अंक में कोई त्रुटि ना रहे, परंतु भूल मानव का स्वभाव है, अत: कोई त्रुटि रह गई हो तो खेद है। कोई सुझाव हो तो sammelankamrupsakha@gmail.com के माध्यम से सूचित करें। **संपादक** – श्री विनोद कुमार लोहिया